# डिजिटल दक्षता की ओर कदमः 5–दिवसीय डेटा एनालिटिक्स और MIS प्रशिक्षण का समापन–अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत




नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के प्रसार शिक्षा विभाग द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना (आईसीएआर, नई दिल्ली से वित्त पोषित) के अंतर्गत श्डेटा एनालिटिक्स और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (डैप्)श पर 5–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 19 से 23 जनवरी, 2026 तक महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समापन में डीन डॉ. आर.के. शर्मा तथा विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. सुनील नायक का संपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा ।

कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार छात्र एवं छात्रायों को डेटा एनालिटिक्स और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम के पशुपालन क्षेत्र में उपयोगिता पर प्रमुख अन्वेषक डॉ. रूचि सिंह ने चर्चा कराई। वहीं, मैपिंग स्किल्स, नोएडा से पधारे विशेषज्ञ इंजीनियर नितिन जाधव ने वेब पेज डेवलपमेंट, हाइपरलिंक जोड़ना, पाइथन कोडिंग, बिजनेस मॉडल्स आदि विषयों के विभिन्न पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा डेटा साइंस की नवीन जानकारियां प्राप्त कीं। अंतिम दिवस पर छात्रों को प्रमाण–पत्र डीन डॉ. आर.के. शर्मा के द्वारा वितरित किए गए तथा प्रशिक्षण पर उनका फीडबैक भी लिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समापन में डॉ. रूचि सिंह, डॉ. भावना गुप्ता, डॉ. हरी आर., डॉ. अनिल गट्टानी, डॉ. प्रगति पटेल, डॉ. रितिका चौरसिया, डॉ आकांशा सिंह का सहयोग रहा ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर